(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि कच्चे तेल के साथ-साथ गैस उत्पादन की भी संभावना है;

(ग) यदि हां, तो इसके उत्पादन की अनुमानित मात्रा कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने अतिरिक्त उपलब्ध होने वाले गैस के इष्टतम उपयोग के लिए कोई योजना तैयार की है;

(ङ) यदि नहीं तो क्या सरकार इस अतिरिक्त गैस के उपयोग के लिए योजना तैयार करने का काम निजी क्षेत्र को सौंपने का विचार रखती है; और

(च) यदि नहीं तो, इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) जी, हां ।
(ख) जी, हां ।

(ग) आठवीं योजना के अंतिम वर्ष यथा 1996-97 में प्राकृतिक गैस उत्पादन की मात्रा 80 एम० एम० एस० सी० एम० डी० से अधिक होने की आशा की जाती है ।

(घ) जी हां ।

(ङ) और (च) प्रश्न नहीं उठता ।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्राकृतिक गैस का उपयोग

3741. श्री वीरेन जे० शाह :
श्री राम जेठमलानी :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में प्राकृतिक गैस के कुल उत्पादन का करीबन 32% जलाया जा रहा है;

(ख) यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश में उत्पादित समग्र प्राकृतिक गैस का उपयोग करने के लिए सरकार ने कोई योजना तैयार की है;

(घ) यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक देश में उत्पन्न कुल प्राकृतिक गैस के कितने प्रतिशत का उपयोग किए जाने की संभावना है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) :

(क) जी, नहीं ।

(ख) लगभग 49 एम० एम० एस० सी० एम० डी० गैस के उत्पादन की तुलना में इस समय लगभग 4 एम० एम० एस० सी० एम० डी० गैस का दहन हो रहा है ।

(ग) जी, हां ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के अंत तक अपरिहार्य तकनीकी दहन को छोड़कर गैस के लगभग सम्पूर्ण उत्पादन का उपयोग होने की आशा है ।

Police Guards deployed by the Punjab Government for protection of IOC

3742. SHRI JAGIR SINGH DARD : WiU the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether Punjab Government has requested for the reimbursement of expenditure incurred on police guards deployed by the Punjab Government for the protection of Indian Oil Corporation's installation in the State;